प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार | दिनांक 16.07.2025

मुख्य समाचारः–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है।
- प्रदेश के किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाने विधानसभा में पारित किया गया छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक।
- स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- राज्य के उत्तरी भाग में अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश होने की संभावना।

मंत्रिमंडल–कृषि योजना
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है।

नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना से देश के एक करोड़ सत्तर लाख किसानों को मदद मिलेगी।

विधानसभा–विधेयक
राज्य विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने इस विधेयक का विरोध किया। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि इससे ई–कॉमर्स को बढ़ावा मिलेगा।

जवाब में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि यह विधेयक राज्य के किसानों के हित में है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस ने सदन से बहिर्गमन कर दिया, जिसके बाद छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक को सदन में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

बाद में विधानसभा परिसर में आकाशवाणी समाचार को बात करते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि इस विधेयक में ई–व्यापार मंच का प्रावधान किया गया है और इससे ई–कॉमर्स के लिए रास्ता खुलेगा और राज्य के किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा।

आज सदन में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय स्थापना और संचालन विधेयक दो हजार पच्चीस को भी सर्व–सम्मति से पारित कर दिया गया। विधेयक पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि सक्ती जिले के बाराद्वार में जगरानी देवी विश्वविद्यालय नामक निजी विश्वविद्यालय खोला जाएगा। यह विश्वविद्यालय राज्य का उन्नीसवां निजी विश्वविद्यालय होगा।

विधानसभा समाचार

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन आज सदन में शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने बिजली की दरों में की गई वृद्धि पर स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा कराने की मांग की। नेता–प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि बिजली दर में वृद्धि से गरीबों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग द्वारा घोषित बिजली की नई दरें बीते वर्षों में की गई वृद्धि की तुलना में काफी कम है।

बाद में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

वहीं, आज सदन में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसकी जांच सीबीआई से कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कोटा और मनेंद्रगढ़ में कई अधूरे पड़े आवासों के निर्माण को पूर्ण बता दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आवास बनाने के लिए मृत लोगों के नाम से भी राशि जारी की गई है।

गृह मंत्री–साइबर कमांडो

राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रशिक्षित साइबर कमांडो अब छत्तीसगढ़ में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए काम करेंगे। आज विधानसभा में भाजपा विधायक सुनील सोनी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के हर जिले में साइबर सेल स्थापित किए गए हैं।

इससे पहले, विधायक सुनील सोनी ने कहा कि बीते तीन साल में छत्तीसगढ़ में साइबर अपराध के तेरह सौ से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण

स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पुरस्कार प्रदान करेंगी। छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव विभागीय अधिकारियों और संबंधित निकायों के प्रतिनिधियों के साथ पुरस्कार ग्रहण करेंगे।

समारोह में बिलासपुर नगर निगम, कुम्हारी नगर पालिका और बिल्हा नगर पंचायत को प्रेसीडेंट अवॉर्ड तथा रायपुर नगर निगम को मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अंबिकापुर नगर निगम, पाटन और विश्रामपुर नगर पंचायत को भी स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि सभी के योगदान से ही यह संभव हो पाया है।

वहीं, स्वच्छता दीदी शशिकला सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी और बढ़ गई है।

राज्यपाल–कुलपति बैठक

राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा है। उन्होंने आज राजभवन में प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की और सभी कुलपतियों से कहा कि वे डीन स्टूडेंट वेलफेयर को सक्रिय करें तथा विद्यार्थियों की शिकायतों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करें।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि राज्य अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

वहीं, धमतरी जिले में आज शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य लोग झुलस गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने अभिवावकों से सात वर्ष की आयु से अधिक के बच्चों का अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अपडेट कराने को कहा है।

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में तेल बोर्ड स्थापित करने को कहा है। सीबीएसई ने इस संबंध में सभी स्कूल प्रमुखों को पत्र लिखा है।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित अपने कक्ष में 'मोर गांव मोर पानी' अभियान पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया।

- राज्य नीति आयोग द्वारा कल सत्रह जुलाई को नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ अंजोर विजन दो हजार सैंतालीस विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे।

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा रायपुर के न्यू सर्किट हाऊस में अट्ठारह जुलाई को सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर दो बजे तक राजधानी के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इकतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- बलौदाबाजार जिले के अर्जुनी स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसींहा को अनुशासनहीनता और कदाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

- खै़रागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में नौकरी लगाने के नाम पर एक युवक से छह लाख नब्बे हजार रूपये की ठगी करने के एक आरोपी को खैरागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- बलरामपुर जिले के माओवाद प्रभावित पीपरढाबा गांव के पास जंगल से पुलिस ने बम निरोधक दस्ते के साथ अभियान चलाकर पत्थरों के बीच छिपाकर रखी एक भरमार बंदूक बरामद की है।